हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 29 सितंबर 2025

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

06 शिक्षक संघ की बैठक में पेंशन और ई-अटेंडेंस पर ...



08 20 हजार अशासकीय विद्यालयों को 489 करोड़...



शारदीय नवरात्र पर जिले में आयोजन जारी

## कालीबाड़ी रोहना में धूमधाम से दुर्गोत्सव आरंभ पूरे परिवार के साथ विराजीं जगदंबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समीपस्थ ग्राम रोहना में प्रस्तावित कालीबाड़ी मंदिर स्थल पर रविवार को दुर्गोत्सव बंगाली परम्परा अनुसार आरम्भ हुआ।

यहां भगवती जगदंबा पूरे परिवार माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, पुत्र कार्तिकेय और गजानन के साथ विराजी। प्रातः कोलकाता से आए आचार्य उत्पल चक्रवर्ती ने विधि विधान से माता का बोधन किया। घट और अखंड ज्योत स्थापित की। पूजा अर्चना के बाद आरती और पुष्पांजलि हुई।



### दिन में जस की धूम

माता की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शनार्थियों का तांता लग गया। ग्राम रोहना और सांवलखेड़ा गांव की श्रद्धालु महिलाएं बड़ी संख्या में माता के पंडाल में आई। दर्शन के बाद पंडाल में घंटों तक जस गए। इस दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया।

### शाम को अधिवास और आरती

उत्सव के दौरान शाम को माता के अधिवास का विधान हुआ, जबकि साढ़े 7 बजे आरती के बाद भजनों का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में कालीबाड़ी समिति के सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रातः की पूजा के दौरान अध्यक्ष डॉ आशुतोष शर्मा, सचिव चंदन मंडल, सुष्मिता मंडल, सदस्यगण साधना मित्रा, अपर्णा मिश्रा, सपन मित्रा, ऊषा, अनुभा मित्रा, सुब्रता गुप्ता, प्रमोद शर्मा, अमित माहेश्वरी, जनार्दन सिंह, सारथी गुप्ता, शरद दीक्षित, पीहू, पाखी, ग्रामीणजन लखन यादव, रोहित यादव, राजा यादव, अभिषेक, दीप यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### आज भंडारा

कालीबाड़ी दुर्गोत्सव में सोमवार सप्तमी तिथि को प्रातः से माता की पूजा अर्चना के बाद दोपहर 2 से भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन है। समिति के भक्तों से कार्यक्रमों में उपस्थित होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

## महिषासुर मर्दिनी विराजी है नसीराबाद रोड पर जुड़वा भाई विद्वान पुरोहित कर रहे हैं आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर नसीराबाद रोड पर मां महिषासुर मर्दिनी की तिथि पंचमी को स्थापना हुई सिद्धिविनायक समिति नवरात्रि में लगातार पांच वर्षों से देवी प्रतिमा की स्थापना करती हैं आचार्य पंडित सुनील गुरु के मार्गदर्शन में पंडित राघव एवं पडित माधव द्वारा विधि विधान से पूजन कराई गई है एवं समिति ने आकर्षक पंडाल बनाया गया है जिसमें साज सज्जा की गई है इस बार मा महहिषासुर मर्दनी की प्रतिमा की स्थापना की गई है जिनकी सेवा कर रहे हैं उज्जैन से पधारे विद्वान पुरोहितराघव व माधव जुडवा भाई हैं जो विधि विधान से पूजा पाठ आराधना कर रहे हैं पंडित वेदांत गुरु भी माता रानी की सेवा कर रहे हैं प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु मां का दर्शन करने पहच रहे हैं। वहीं नर्मदांचल में देवीं पंडालों में बनी झांकिया श्रृद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं साथ ही ग्रामीण अंचलों से देवी भक्त सलकनपुर के लिए निकल रहे हैं।



सरस्वती शिशु मंदिर में प्रांतीय विज्ञान मेला संपन्न, पुरस्कृत हुए बाल वैज्ञानिक

## क्षेत्रीय विज्ञान मेले के लिए किया गया 61 बाल वैज्ञानिक भैया बहनों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर सरस्वती शिशु मंदिर में अभा विद्या भारती प्रतिष्ठान का प्रांतीय विज्ञान मेला रविवार को संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थी अब क्षेत्रीय विज्ञान मेले में सहभागिता करेंगे। सोहागपुर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रांतीय विज्ञान मेला 2025 का समापन रविवार दोपहर हुआ। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सोहागपुर नपाध्यक्ष लता पटेल, भाऊ साहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोविंद नगर प्रबंधक धर्मेंद्र गुर्जर, विभाग समन्वयक सौरभ उपाध्याय, मेला संयोजक पियूष राठौड़, सोहागपुर सरस्वती शिशु मंदिर संचालन समिति संरक्षक कन्नूलाल अग्रवाल, अध्यक्ष कृष्णा पालीवाल अतिथि रूप में मौजूद थे। उद्बोधन में धर्मेंद्र गुर्जर ने कहा कि भैया बहनों के मन के अंदर का वैज्ञानिक जागना चाहिए। हार व जीत प्रतियोगिता में मायने नहीं रखती, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि भैया बहन प्रतिभागी बने।

सोहागपुर सरस्वती शिशु मंदिर में अभा विद्या भारती प्रतिष्ठान का प्रांतीय विज्ञान मेला रविवार को संपन्न हुआ। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न मॉडल बनाकर प्रतिभा दिखाई।



### सौभौग्य का विषय

सौरभ उपाध्याय ने कहा कि नर्मदापुरम क्षेत्र में प्रांत के बाल वैज्ञानिकों की प्रतियोगिता होना सौभाग्य का विषय है। अन्य वक्ताओं ने भी उद्बोधन दिये।

### 61 बाल वैज्ञानिक चयनित

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चयनित सभी प्रतिभागी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। दो दिवसीय प्रांतीय विज्ञान मेला सोहागपुर में 31 निर्णायकों ने सूक्ष्म अवलोकन उपरांत परिणाम दिये तथा 61 भैया बहनों का चयन क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए किया।

### 16 जिलों से सम्मिलित हुए 100 से अधिक प्रादर्श

सोहागपुर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्य भारत प्रांत के सरस्वती शिशु मंदिरों के विद्यार्थी इस विज्ञान मेले में प्रतिभागी रूप में सम्मिलित हुए। मध्य भारत प्रांत के पांच विभागों के 16 जिलों में संचालित 36 सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों के विद्यार्थी इस विज्ञान मेले में सम्मिलित हुए। जिन्होंने 100 से अधिक मॉडल अर्थात प्रादर्श प्रस्तुत किए थे। कुछ प्रादर्श अति उत्कृष्ट थे जिन्हें निर्णायकों ने भविष्य के लिए अति उपयोगी माना। उल्लेखनीय है कि सभी चयनित प्रतिभागी अब क्षेत्रीय प्रतियोगिता में पांच श्रेणियां के अंतर्गत होने वाली स्पर्धा में सहभागिता करेंगे। वहीं कार्यक्रम में विद्यालय समिति उपाध्यक्ष राजाभैया पटेल, व्यवस्थापक संजीव दुबे, सदस्यगण सौरभ सोनी व लज्जा सिंगारे, प्राचार्य अशोक दुबे एवं सभी विभाग संरक्षक, प्रभारी आचार्य, दीदी व भैया बहन उपस्थित रहे।

## जाते-जाते फिर से लौटे बादल, एक दिन में हुई 54 इंच बारिश, अब तक हुई 1387 मिमी वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश ने इस साल का सामान्य बारिश का कोटा पूरा कर दिया है। 28 सितंबर तक जिले में औसतन 54.62 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। साल 2022 के बाद लगातार कोटा पूरा नहीं हो पा रहा था। रविवार को भी सुबह से बादल छाए हुए हैं और रुक-रुककर बूंदाबांदी हो रही है।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को 11.30 बजे से बादलों की गर्जना और बिजली की चमक के साथ तेज बारिश हुई। बारिश के कारण तवा डैम के पांच गेट खोले गए हैं। इससे नर्मदा नदी का जलस्तर सामान्य से 8 फीट बढ़ा हुआ है।



बारिश का दौर शुक्रवार रात 10 बजे से शुरू हुआ था। तड़के 5.30 बजे से एक घंटे तक तेज बारिश हुई। इसके बाद दिन और रात में रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही।

### जिले में अब तक 1387.5 मिमी वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 28 सितम्बर को प्रातः 8 बजे तक जिले में 1387.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1257.4 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 27 सितम्बर से 28 सितम्बर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 42.9 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 57.0 मिलीमीटर, इटारसी 46.2 मिलीमीटर, माखननगर में 24.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 25.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 15.4 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 15.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 27.4 एवं तहसील डोलरिया 68.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। सेठानी घाट का जलस्तर 941.20 फीट है, तवा जलाशय का 1166.10 फीट है, बरगी जलाशय का 422.65 मीटर एवं बारना जलाशय 348.46 मीटर दर्ज किया गया है।

## शक्ति शौर्य महारास का आयोजन आज , अपने हाथों में तलवार थामकर मातृ शक्तियां करेंगी शक्ति की आराधना

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा आज शाम 7 बजे हरदा बायपास स्थित रैन ट्री रिसोर्ट में महिला सशक्तिकरण के लिए शक्ति शौर्य महारास का आयोजन होगा। कार्यक्रम से जुड़े मनीष परदेशी ने बताया कि यह आयोजन 27 सितंबर को अग्निहोत्री गार्डन में होना था लेकिन भारी बारिश के चलते यह कार्यक्रम स्थागित कर दिया गया था। शक्ति शौर्य महारास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के महिला सशक्तिकरण अभियान की प्रेरणा से यह आयोजन किया जा रहा है। मातृ शक्तियां अपने हाथों में तलवार, ढाल और खप्पर थामकर मां शक्ति की आराधना करेगी। इस दौरान भारत माता की आरती की जाएगी एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां पहुंचेगी।

## सीआईएसएफ के जवान की बाईक में रखे 2.5 लाख चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में दिल्ली सीआईएसएफ के जवान शंकरलाल पटेल की बाइक से 2.5 लाख रुपए नगद चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना 26 सितंबर की सुबह करीब 10.30 बजे की है जब जवान ने बैंक से 3 लाख रुपए निकाले और उनमें से 2.5 लाख रुपए सफेद रूमाल में बांधकर बाइक के साइड बैग में रख दिए थे। पिपरिया महिन्द्र शोरूम के बाहर बाइक खड़ी कर जवान अंदर चले गए थे, इसी दौरान पैसे चोरी हो गए।

### पुलिस जांच में जुटी

पुलिस ने घटना स्थल के अलावा पिपरिया और सोहागपुर के सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल शुरू कर दी है। बैंक से पैसे निकालने के दौरान कोई व्यक्ति रैकी तो नहीं कर रहा था, इसकी भी जांच की जा रही है। थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि बाइक को धुलाने के लिए भी जवान सोहागपुर गया था, इसलिए दोनों स्थानों की फुटेज देखी जा रही है।

चोरी की वारदात के दो दिन बाद भी आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। शंकरलाल पटेल ने चोरी की रिपोर्ट रात में दर्ज कराई थी और अब पुलिस जांच में जुटी है। सुरक्षा को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## 1 लाख 53 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति हुई जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक नर्मदापुरम की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से वि.खं./ नपा. नर्मदापुरम एवं इटारसी के 13 हितग्राहियों को 01 लाख 53 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर नर्मदापुरम एवं इटारसी के 04 हितग्राही तारा बाई विशनोई वार्ड क्र. 20 आदमगढ नर्मदापुरम, अशीष यादव निवासी इटारसी, बिपुल चौधरी निवासी इटारसी एवं ज्योति रैकवार निवासी इटारसी को क्रमशः 20-20 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीतकृति प्रदान की गई है।

## डॉक्टर श्रवण मालवीय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज के अध्यक्ष हुए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज उत्थान सेवा समिति नर्मदापुरम की बैठक का आयोजन स्थानीय मालवीय अस्पताल में शनिवार को किया गया जिसमें समाज के विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की गई इसी क्रम में वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार चौकसे का कार्यकाल पूर्ण होने पर नए अध्यक्ष चुनने के लिए डॉक्टर श्रवण मालवीय का नाम प्रस्तावित किया जिसमें मणि शंकर राय, हंस राय, महेश चौकसे, प्रकाश शिवहरे, द्वारा समर्थन किया गया समाज के संपूर्ण उपस्थित सदस्यों ने हर्ष ध्वनि करते हुए डॉक्टर श्रवण मालवी को अध्यक्ष चुनने की सहमति प्रदान की एवं आगामी दिनों मे सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने पर चर्चा की गई, इसी बैठक में नवयुक्त जिला मंत्री भाजपा गोविंद राय का भी स्वागत किया गया जिसमें समाज के समस्त वरिष्ठ उपस्थित रहे सर्वश्री जगदीश मालवी, गणेश राम मालवी, जय मोहन राय, सेठी चौकसे, सागर शिवहरे, अर्पित मालवीय, ओम राय, रितेश मालवी आदि ने शुभकामनाएं दीं।



## केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में शांतिग्राम फाउंडेशन ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दिया परामर्श

### 73 महिला बंदियों एवं 2 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड-अ में आज शांतिग्राम फाउण्डेशन नर्मदापुरम के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर विशेष रूप से महिला बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श हेतु आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. वैष्णवी पी.वी., आर्य शिवू एवं सुश्री भावना विष्ट ने महिला बंदियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। शिविर में निरूद्ध 73 महिला बंदियों और 02 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। शिविर के दौरान जेल अधीक्षक संतोष सिंह सोलंकी, उप अधीक्षक प्रहलाद सिंह बरकडे, अष्टकोण अधिकारी हितेश बंडिया, श्रीमती इंदुराज साहू (मेलनर्स) एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मयंक तोमर और समाजसेवी भावना विष्ट द्वारा किया गया।



## छावनी परिषद में चलाया गया स्वच्छता अभियान, की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

स्वच्छता ही सेवा 2025 के पखवाड़े के अंतर्गत छावनी परिषद पचमढ़ी में मुख्य अधिशासी अधिकारी राहुल गजभिए के निर्देशन में कुछ अस्थाई कचरा घर चिन्हित किए गए थे जिनको जेसीबी द्वारा साफ कर मिट्टी डालकर वृक्षारोपण किया गया जैसे बंशीधर कॉलोनी, अरुण गंज सार्वजनिक शौचालय के बाजू, अरूणागंज मस्जिद के पीछे नाले के किनारे और जगदीश जाटव के घर के सामने आदि को सफाई कर वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और सफाई लिए जागरूक किया।

सेमरी हरचंद में जारी है श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन

## मिथिला में भगवान श्री राम की बारात का हुआ आगमन ग्रामवासियों ने कई स्थानों पर बारात का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर में 140 वर्ष से प्रत्येक वर्ष रामलीला के आयोजन मैं स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का सजीव मंचन किया जाता है आज रामविवाह की लीला का मंचनकिया गया , धनुष यज्ञ के पश्चात श्री राम एवं जानकी के विवाह की सूचना एवं बारात का निमंत्रण राजा जनक ने अयोध्या भेजा राम और सीता के विवाह के प्रस्ताव को शहर से स्वीकार करते हुए राजा दशरथ अपने मंत्रियों एवं भरत शत्रुघ्न के साथ बारात लेकर राजा जनक के नगर मिथिला पहुंचे जहां बारात का भव्य स्वागत मिथिला वासियों द्वारा किया गया रामलीला के मंचन में नगर सेमरी हरचंद को मिथिला की तरह सजाया गया और ग्राम वासियों द्वारा भगवान श्री राम की बारात का लव कुश मंदिर पंचायती राम मंदिर रामलीला चौक तथा करुणेश्वरी मंदिर पीपलचौक पर भव्य स्वागत किया गया।



रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल एवं समिति के सदस्यों ने बारातियों को इत्र लगाया एवं जलपान की व्यवस्था की गई तथा विधि विधान एवं शास्त्रोक्त रीति से राम जानकी का विवाह संपन्न हुआ रामलीला के सजीव मंचन को ग्राम वासियों ने भाव विभोर होकर देखा एवं मुक्त कंठ से रामलीला प्रशंसा की।

## हिमांशु जैन होंगे नए जिपं सीईओ, रावत पहुंचे ग्वालियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सामान्य प्रशासन विभाग ने शनिवार देर रात भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस के 18 अधिकारियों के तबादले किए। इसमें नर्मदापुरम और ग्वालियर में जिला पंचायत सीईओ के पदों पर बड़ा बदलाव हुआ है।





नर्मदापुरम जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत का तबादला कर उन्हें ग्वालियर जिला पंचायत सीईओ बनाया गया है।

2020 बैच के आईएएस हिमांशु जैन को नर्मदापुरम जिला पंचायत सीईओ बनाया गया है। वे फिलहाल शिवपुरी में जिला पंचायत सीईओ हैं।

पिपरिया एसडीएम का पद अब फिर से आईएएस अफसर को दिया गया है। 2023 बैच के आईएएस आकिप खान को पिपरिया एसडीएम नियुक्त किया गया है। वे अभी मंडला में सहायक कलेक्टर हैं।

इससे पहले आईएएस अनिशा श्रीवास्तव करीब एक साल तक पिपरिया एसडीएम रहीं। उनके ग्वालियर तबादले के बाद देवेंद्र प्रताप सिंह को चार दिन पहले ही पिपरिया एसडीएम बनाया गया था। अब आकिप खान को इस पद की जिम्मेदारी मिली है।

## खबर संक्षेप

### दुर्गोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित

**सारनी।** सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा रामरख्यानी स्टेडियम सारनी में प्रतिदिन आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बदलाव किया गया है। समिति ने बताया कि बीते दिनों से हो रही अति वृष्टि के कारण स्टेडियम एवं पंडाल की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार आने वाले 4-5 दिनों तक भी वर्षा की संभावना बनी हुई है। इस परिस्थिति को देखते हुए समिति ने 29 सितम्बर आदिवासी लोक नृत्य, 30 सितम्बर जगन्नाथन एसएनडी डांस एवं 1 अक्टूबर बाबा के अंगने में नच बलिए को स्थगित करने का निर्णय लिया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि उक्त कार्यक्रमों की नई तिथियों की घोषणा शीघ्र ही पृथक से की जाएगी। वहीं दशहरा पर्व 02 अक्टूबर को विजयादशमी उत्सव एवं 03 अक्टूबर को चल समारोह एवं मूर्ति विसर्जन का आयोजन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ही होगा। प्रतिदिन सुबह 8 बजे एवं रात्रि 7.30 बजे माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना और आरती यथावत चलती रहेगी।

### युवा कांग्रेस ने किया कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन

**शाहपुर।** भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिये गये बयान से नाराज युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बस स्टॉप शाहपुर के चौराहे पर विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। पुतला दहन की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची। फायर ब्रिगेड भी बुलाई गई, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। इस मौके पर सरोज परते, पहलवान ठाकुर, धर्मेंद्र शुक्ला, शांतनु तिवारी, उपेंद्र रिंकू वर्मा, आशीष मालवीय, अमित तिवारी, दीपक श्रीवास समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की बयानबाजी दोहराई गई तो और उग्र आंदोलन किए जाएंगे।

### पुलिस ने नाबालिग बालिका को राजस्थान से किया दस्तयाब

**बैतूल।** जिले की भैंसदेही पुलिस ने एक गुमशुदा नाबालिग बालिका को राजस्थान से सुरक्षित ढूंढ निकाला और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश पर जिले में गुम बच्चों को खोजने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत थाना भैंसदेही पुलिस को यह सफलता मिली। सितंबर 2025 में फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को कोई बहला-फुसलाकर ले गया है। इस पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया और लगातार तलाश की जा रही थी। विश्वसनीय सूचना पर पता चला कि बालिका राजस्थान के उदयपुर में एक कारखाने में है। पुलिस टीम तुरंत वहां रवाना हुई और मेहनत व तत्परता से बालिका को बरामद कर सुरक्षित उसके परिवार को सौंप दिया।

### टोकन सिस्टम फेल, मरीज कतारों में खा रहे धक्के

# जिला अस्पताल में शुरू किया था सिस्टम, चंद महीने में ही हुआ बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिला अस्पताल में सुविधाओं के नाम पर स्वास्थ्य विभाग सिर्फ बजट खर्च करने का ही काम कर रहा है। इससे आम लोगों को फायदा हो रहा है या नहीं, इस पर किसी का ध्यान नहीं है। मरीजों को कतार में नहीं लगना पड़े इसके लिए क्यू मैनेजमेंट सिस्टम यानी टोकन सुविधा शुरू करने के लिए सेटअप लगाया था। दावा किया गया था कि टोकन लेने के बाद मरीज को पर्चा बनवाने से लेकर डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने के लिए कतार में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। लेकिन पिछले कई माह से यह सुविधा बंद है। इससे मरीजों को कतार में खड़े होकर ही अपना इलाज करवाना पड़ रहा है। बता दे कि जिला अस्पताल में रोजाना औसतन 800 से 1000 मरीज पहुंचते हैं। इससे लोगों को पर्चा बनवाने से लेकर डॉक्टर को दिखाने तक कतारों से जूझना पड़ रहा है। मरीजों की परेशानी को देखते हुए स्वास्थ्य सेवा को डिजिटल करने के लिए पिछले साल राशि खर्च करते हुए टोकन सिस्टम लगाया था। इसमें जनरल मेडिसिन, नेत्र विभाग, गायनिक वार्ड आदि जगह इलेक्ट्रॉनिक डिस्पले लगाकर सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया था, लेकिन यह सिस्टम धरा रह गया।

#### मरीज बढ़ते ही डॉक्टर पर्चा देख लिख देते दवाइयां

जिला अस्पताल में स्थिति यह है कि सबसे पहले ओपीडी की पर्ची बनवानी पड़ती है, इसके बाद संबंधित डॉक्टर के चेंबर में जाना पड़ता। रोजाना औसतन 800 से अधिक मरीजों के पहुंचने से पर्ची बनवाने से लेकर डॉक्टर कक्ष के बाहर कतार लगते हुए धक्का-मुक्की खाते मरीजों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। यही स्थिति दवाई वितरण केंद्र पर भी बन रही है। डॉक्टर कक्ष में भी भीड़-भाड़ होने से मरीजों का ठीक से उपचार तक नहीं मिलता। डॉक्टर भी पर्ची हाथ में लेकर बिना चेकअप और मरीजों से पूछकर ट्रीटमेंट लिखते हुए मरीजों को रवाना कर देते है।

#### नए भवन बन रहे सुविधाएं वहीं की वहीं

जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नए-नए भवन बन रहे है, लेकिन सबसे जरूरी उपचार की सुविधा अब भी अस्पताल में वहीं की वहीं है। जिला अस्पताल में न तो स्वीकृत पद के बराबर डॉक्टर, विशेषज्ञ मौजूद है और न ही स्टॉप की पूर्ति हो पाई है। जिसके कारण अक्सर अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ती है। ऊपर से डॉक्टरों पर काम का बोझ भी बढ़ता जा रहा है। हालात यह है कि वर्तमान में मरीजों को पर्ची कटवाने के बाद डॉक्टरों के कक्ष के सामने लंबी लाइन में घंटो खड़ा रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में बुजूर्ग मरीजों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती है।

#### सिस्टम से डॉक्टरों पर सीधी निगरानी का था दावा

ओपीडी के समय डॉक्टरों की निगरानी भी इस सिस्टम से होना थी, लेकिन अब ओपीडी के समय ही अधिकांश डॉक्टर या तो यहां-वहां घूमते रहते है। ऐसी स्थिति आए दिन देखने को मिलती है। इसके चलते भी मरीजों को काफी समय तक इंतजार करना पड़ता है। हालांकि अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए अधिकारी निरंतर प्रयासरत है, लेकिन कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं आ रहा है। यहां तक कि कई बार मरीजों के परिजनों को ही स्ट्रेक्चर वार्ड तक ले जाना पड़ता है और कर्मचारी गायब रहते है। इधर पर्ची बनाने के लिए भी मरीजों को लंबी कतार में खड़े रहकर पर्ची बनवाना पड़ता है और उपचार होने तक मरीज दर्द से कहराते रहते है।

> **शुरू करेंगे**
>
> *टोकन सिस्टम के संचालन में कुछ तकनीकी गड़बडियां थी। जिसका पुनः सुधार करने के बाद शुरू करेगे। इसके अलावा पूरे अस्पताल को डिजीटलाइस किया जायेगा। जिसमें पता चल पायेगा कि कौन किस कक्ष में बैठा है।*
>
> *- डॉ. जगदीश घोरे, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल*

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

## 'राजयोगिनी अवधेश दीदी का देहावसान संपूर्ण विश्व के लिए एक अपूरणीय क्षति'



**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक शिक्षण संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मप्र भोपाल क्षेत्र की अध्यक्षा एवं राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के प्रशासक सेवा प्रभाव की राष्ट्रीय अध्यक्षा राजयोगिनी अवधेश दीदी ने गत 19 सितंबर को ब्रह्म मुहूर्त में अपने 75 वर्ष की आयु में भौतिक देह को त्याग कर ईश्वर की शरण ली। दीदी जी के देहावसान के पश्चात समस्त भारतवर्ष में ब्रह्माकुमारीज के लगभग 6000 सेवा केंद्र पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी तारतम्य में ब्रह्माकुमारीज बैतूल के भाग्य विधाता भवन में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें 300 से अधिक ब्रह्माकुमारीज़ के सदस्यों ने हिस्सा लिया और दीदी को श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर श्रद्धांजलि अर्पित करने भाग्य विधाता भवन पहुंची। श्री खंडेलवाल ने कहा कि ऐसी महान विभूति का देहावसान संपूर्ण विश्व के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज बैतूल की संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी, सारणी से ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी, बीके अरुण, बी के पूर्णिमा, बीके नंदकिशोर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ की बैठक में पेंशन और ई-अटेंडेंस पर हुई चर्चा

**बैतूल।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश की जिला स्तरीय बैठक रविवार को शिवाजी अटोडोरियम बैतूल में संपन्न हुई। संगठन के जिलाध्यक्ष विनय सिंह राठौड़ ने बताया कि यह बैठक प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल के निर्देशन और प्रांतीय आह्वान पर आयोजित की गई थी। बैठक में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, संगठन के सदस्य और सम्मानित शिक्षक बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। सबसे प्रमुख बिंदु रहा अक्टूबर में भोपाल में मुख्यमंत्री के आतिथ्य में होने वाला अध्यापक महासम्मेलन। इसके साथ ही 9 नवंबर को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली चलो कार्यक्रम पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। ई-अटेंडेंस, स्थानीय समस्याएं, क्रमन्नति और रुके हुए एरियर जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनय सिंह राठौड़, लक्ष्मी चंद लिल्लोरे, राजेश गंगारे, मुकेश उतराले, दिनेश वर्मा, भूपेश सोनी, महेंद्र भारती, देवानंद धुर्वे, हेमराज बेले, दशरथ धुर्वे, जयपाल बारपेठे और करमचंद नरवरे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।




### केन्द्रीय मंत्री ने कन्यादान आयोजन सहित कार्यक्रमों की प्रशंसा

## कन्यादान महोत्सव समिति के तत्वावधान में हुआ विशाल पौधारोपण

**भैंसदेही।** क्षत्रीय लोणारी कुन्बी समाज भैंसदेही की कन्यादान महोत्सव समिति के तत्वावधान में माँ की बगिया के तहत विशाल वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के छायाचित्र पर पूजन अर्चन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

इस अवसर पर मौजूद मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, मंडल अध्यक्ष आठनेर गोवर्धन राने, गणेशराव खाड़े, धर्मराज महाले, कृष्णराव नावंगे, सुनिल भलावी, देवीदास खाड़े, कुंबी समाज संगठन सचिव केशर लोखंडे, मंडल अध्यक्ष पुष्पा खाड़े, की मुख्य उपस्थिति में माँ की बगिया में विशाल रूप से वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री डीडी उइके ने कहा कि यह भैंसदेही क्षेत्र में मां की बगिया की प्रथम स्थापना है। इसकी प्रत्येक गांव में स्थापना करने के लिए प्रेरित किया।



माँ की बगिया की स्थापना हेतू कुंबी समाज की जमकर तारीफ की। जिसमें सहजीवनारंभ, सखी-सहेली, बैतूल की नवांरी, कन्यादान महोत्सव, विगत 10 वर्षो से किये जा रहे वृक्षारोपण जैसे समाज हितैषी कार्यो के लिए जमकर तारीफ की। कुंबी समाज द्वारा इन सभी कार्यो से प्रदेश को प्रेरित होकर कार्य करना चाहिए। साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने स्वदेशी चीजों के उपयोग के लिए अंतरमन से बैतूल की नवांरी जैसे कार्यो के लिए तारीफ की। कृष्णा गायकी, गोवर्धन राने, कृष्णराव नावंगे, केशर लोखंडे, धर्मराज महाले, एमडी वाघमारे, सुरेन्द्र कनाठे, पुष्पा खाड़े, सत्यदेवी लोखंडे ने जनसुमदाय को संबोधित कर संगठन के कार्यो की सराहना करते हुए आयोजन समिति बोरगांव डेम को बधाई दी। बोरगांव डेम के उत्कृष्ट कृषक व ग्राम पटेल दशरथ घोडक्री के खेत में माँ की बगिया का निर्माण किया गया। यहां वृहद रूप में अतिथियों और जनसमुदाय द्वारा वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नामदेव कोसे व कार्यक्रम में आये हुए समस्त अतिथियों, सामाजिक जनों का आभार प्रदर्शन पूर्व अध्यक्ष मनीष नावंगे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीराम धोटे, युवराज घोडकी, यादोराव धोटे, विश्वनाथ देशमुख, लीलाधर आदि रहे मौजूद।

### सरदार विष्णु सिंह उइके की प्रतिमा का अनावरण आज

**सारनी।** क्षेत्र के महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उइके की प्रतिमा का अनावरण आज होगा। वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उइके शासकीय महाविद्यालय सारनी आयोजित भव्य अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमन्त खण्डलवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पण्डागरे की अध्यक्षता में सम्पन्न होने वाले इस समारोह मे जिले के सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेगें। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह ने बताया कि अनावरण समारोह में क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।

## सेवा पखवाड़े में ग्राम रोजगार सहायकों का योगदान सराहनीयः केंद्रीय मंत्री

### ग्राम रोजगार सहायकों के शिविर में हुआ 171 यूनिट रक्तदान

**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के तहत ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा रविवार को जेएच कॉलेज के ऑडिटोरियम में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बारस्कर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, मंगल सिंह सहित कई गणमान्य जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में मौजूद थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों ने रक्तदान शिविर का अवलोकन भी किया। शिविर में कुल 171 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी बड़ी एलईडी के माध्यम से देखा और सुना गया।

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री उइके ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें विविध संस्कार और पर्व-त्यौहार की परंपराएं दी हैं, जो हमारी संस्कृति की पहचान हैं। हमारे वेदों में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि सेवा परमो धर्म सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। जब हम सेवा भाव से समाज के लिए कार्य करते हैं, तभी जीवन का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होता है। ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा आयोजित रक्तदान महादान शिविर इसी सेवा भावना का



उत्कृष्ट उदाहरण है। रक्तदान से बढ़कर कोई महादान नहीं, क्योंकि यह सीधे-सीधे मानव जीवन को बचाने का कार्य करता है।

#### रक्तदान से बढ़कर कोई महादान नहीं

रक्तदान महादान शिविर को संबोधित करते हुए विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मानव सेवा ही नारायण सेवा है और रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता, यह जीवनदान है और मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर गांधी जयंती तक चल रहा सेवा पखवाड़ा पूरे देश में जनजागरण और सेवा भावना का प्रतीक बन चुका है। बैतूल जिले ने इस अभियान को विशेष रूप से जन आंदोलन का रूप दिया है।

### दर्शकों ने भींगते हुए देखी रामलीला

## यदि वह भगवान हुए तो मैं हठ पूर्वक बैर करूंगा



**भैंसदेही।** रामलीला मंचन के छटवे दिन सूर्पनखा अपनी कटी हुई नाक के साथ अपने भाई खर दूषण के पास जाती है और सारी व्यथा सुनाती है। यह सुनकर खरदूषण क्रोधित हो जाते है और बदला लेने के लिए श्रीराम के साथ युद्ध करते है। युद्ध में खर और दूषण मारे जाते है। यह देख सूर्पनखा अपने भाई रावण के पास जाती है और नाक काटने से लेकर खरदूषण में तक की सारी घटना बताती है। रावण सोचता है कि खरदूषण को भगवान के सिवा कोई मार ही नहीं सकता इसका मतलब भगवान ने इस पृथ्वी पर अवतार ले लिया है। यदि वह भगवान हुए तो हठ पूर्वक बैर करके उनके लोक को प्राप्त हो जाऊंगा नहीं तो वह मेरे हाथों मारे जाएंगे। रावण योजना बना कर मामा मारीच को स्वर्ण मृग बनकर सीता के सामने से गुजारते है जिसे देख सीता मोहित हो जाती है। श्रीराम से मृग छाल लाने के लिए कहती है श्रीराम मृग छाल लाने वन में जाते है जहा मारीच मरते मरते हा लक्ष्मण हा लक्ष्मण पुकारते है यह सुनकर सीताजी लक्ष्मण को राम की मदद के लिए भेजती है। लक्ष्मण जाते जाते रेखा खींचकर जाते है। और वह कहते है कि माता यह रेखा किसी भी हाल में पार मत करना लक्ष्मण के जाते ही रावण रूप बदलकर भिक्षा मांगने सीताजी के द्वार पर आता है और भिक्षा मांगता है। सीताजी जैसे ही रावण को भिक्षा देती है तब ही लक्ष्मण रेखा से आग निकलती है। जिसे देख रावण भिक्षा लेने से मना कर देता है तथा सीताजी को रेखा से बाहर आकर भिक्षा देने का कहता है। सीताजी न चाहते हुए भी रेखा पार कर भिक्षा देती है उसी समय रावण सीताजी का हरण कर लेता है और अपने असली रूप में आ जाता है। सीताहरण कर जाते समय उसे रास्ते में पक्षीराज जटायु मिलता है जो सीताजी को बचाने के लिए रावण से युद्ध करता है जिसे घायल कर रावण सीता को लेकर आगे चला जाता है।

### जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित

## मंत्री विजयवर्गीय को पद से हटाने सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस




**बैतूल।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें अजजा कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष चंदा सरवटे ने कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा एक महिला के प्रति दिए अशोभनीय बयान बेहद खेदजनक है। मंत्री श्री विजयवर्गीय इस मामले में सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और अगर माफी नहीं मांगेंगे, तो प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उन्हें मंत्रिमंडल से पृथक करें, अन्यथा कांग्रेस सडक पर उतरेगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व विधायक निलय डागा की मौजूदगी में उनके नेतृत्व में आयोजित पत्रकार वार्ता में आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, घोड़ाडोंगरी के पूर्व विधायक ब्रह्मा भलावी, भैंसदेही के पूर्व विधायक धरमूसिंह सिरसाम, मुलताई के पूर्व विधायक डॉ पी. आर. बोडखे, महिला कांग्रेस बैतूल की जिलाध्यक्ष पुष्पा पेड्राम आदि मौजूद थे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अजजा अध्यक्ष चंदा सरवटे ने कहा कि द्वापर में एक नारी की अपमान होने पर महाभारत हो चुका है, जिसे सब जानते हैं। आज उन्होंने हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनकी बहन के बारे में अशोभनीय अमर्यादित टिप्पणी की है, इसके विरोध में कांग्रेस सडक़ पर उतरेगी और साथ ही समस्त महिला विंग इसका पुरजोर विरोध करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय डागा ने बैतूल जिले में हुए भ्रष्टाचार के एक बड़ा मामले को जल्द ही उजागर करने की बात कहकर पत्रकार वार्ता में सनसनी फैला दी। उन्होंने दावा किया है कि भाजपा सरकार में हर स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा और उनके कार्यकर्ता भ्रष्टाचार में लिप्त है, जिसका एक उदाहरण बहुत जल्द ही वे सार्वजनिक करने वाले हैं। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय डागा ने कहा कि भाजपा सरकार पिछले 9 साल से जीएसटी के नाम पर देश की जनता को लूटने का काम कर रही है और अब भाजपा जीएसटी कम करके बचत उत्सव मना रही है।

### कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक

**बैतूल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों के तहत जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल द्वारा जिले की सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में मंडलम स्तर पर नियुक्त किए गए संगठन प्रभारियों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक आज 29 सितंबर को दोपहर 2 बजे कांग्रेस कार्यालय, बैतूल में आयोजित की गई है। यह बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा की उपस्थिति में संपन्न होगी, जिसमें सभी नवनियुक्त प्रभारियों को आगामी संगठनात्मक दायित्वों की जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण, बी एल ए,वोट चोर गद्दी छोड़ो राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान, कांग्रेस के जीएसटी स्लैब के जनजागरण अभियान एवं मंडलम-सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन हेतु जिला कांग्रेस द्वारा संगठनात्मक सर्जरी करते हुए बड़ी संख्या में मंडलम प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। आज की बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है।

## केपी अग्निहोत्री बने जन परिषद की इंटर स्टेट कमेटी के सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी केपी अग्निहोत्री को अखिल भारतीय स्तर की गैर-राजनीतिक एवं सामाजिक संस्था जन परिषद की डिस्ट्रिक्ट/इंटरस्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी का सचिव मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने महासचिव ओपी गुप्ता और अजय श्रीवास्तव नीलू की अनुशंसा पर की। जन परिषद के राष्ट्रीय संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था पिछले 36 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय है। संस्था अब तक पर्यावरण पर 12 अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी और कई ऐतिहासिक संदर्भ ग्रंथों का प्रकाशन भी कर चुकी है। वर्तमान में इसके देश में 275 से अधिक एवं विदेशों में 7 चैप्टर सक्रिय हैं। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते कैलाश प्रसाद (केपी) अग्निहोत्री ने कहा कि जन परिषद ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं संस्था का आभारी हूं। समाज की भलाई और रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाना ही मेरा संकल्प है। मैं जन परिषद के उद्देश्यों और मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करूंगा। श्री अग्निहोत्री की नियुक्ति पर जन परिषद बैतूल चैप्टर, मुलताई चैप्टर, बैतूलबाजार चैप्टर और भौंरा चैप्टर के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जन परिषद के अध्यक्ष एनके त्रिपाठी और संयोजक रामजी श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया है कि उनकी नियुक्ति से संस्था की गतिविधियों को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

### स्वदेशी अपनाने और लोगों को जागरूक करने लगा मेला, बारिश से हुआ खराब

# मेला संचालक ने किया स्कूल ग्राउंड को गढ्ढों में तब्दील, सुधार की मांग

नगर में एक मात्र व्यवस्थित बचा आरएनएन स्कूल का खेल मैदान अब बारिश में मेला लगने के कारण खराब हो गया है। मेले में पानी भरा जाने के कारण लोग चोटिल हो रहे हैं। वहीं बच्चों को अब ग्राऊंड नहीं मिल सकेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर पालिका परिषद क्षेत्र के शोभापुर रोड पर शासकीय आर,एन, ए विद्यालय परिसर में नगर में बच्चों को खेलने के लिए तथा कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक ही ग्राउंड बचा था। जिसके आसपास सांदीपनि विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है।इस ग्राउंड को बचाने केलिए लोगों ने सभी जनप्रतिनिधियों से मांगा था। तब जाकर यह परिसर सुरक्षित हाथों में था।

### नहीं ली प्रशासन से अनुमति

लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने स्वदेशी अपनाने के नाम पर स्वदेशीजागरण मंच के संचालक हेमंत पवार को मध्यप्रदेश सरकार ने पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में मेला लगाकर लोगों को जागरूक करने के लिए काम दिया गया है। लेकिन इन्होंने शासकीय आर, एन ए विद्यालय परिसर में मेला लगाने के लिए अपने आपको राष्ट्रीय सयंसेवक संघका पदाधिकारी बताकर स्थानीय प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई है। तथा सीधे ग्राउंडमे खुदाई चालू कराकर शेड बना दिया है ग्राउंडमे किसी तरह से पुरानी नहीं कराई गई। गड्ढे होने पर भी विचार नहीं किया गया। मेला लगाकर लोगों को कोईसुविधा नहीं दी गई है।और अपना व्यापार चालू कर दिया गया है।

### दो दिन की बारिश में ही मैदान में हुई कीचड़, लोग परेशान

अब देखने में आया की पूरे परिसर में मेला लगाकर कीचड़ गड्ढे होने पर भी विचार नहीं किया गया है।नेट डालकर कीचड़ गड्ढे को ढकने का प्रयास किया लेकिन 2 दिन की वर्षांत में आने वाले लोगों को कोई सुविधा नहीं दी गई है तो बच्चे लोग फिसलने लगे हैं इसलिए कपड़े खराब हो रहे हैं।पानी निकासिकी कोई व्यवस्था नहीं है। जनता परेशान हैं तथा पूरा ग्राउंडपरिसर खराब हो चुका है। शासन को चाहिए कि मेला संचालक से ग्राउंड परिसर ठीक कराया जावे। जिससे कि बच्चे इसमें खेल सके।

### अधिकारी बोले, उच्चाधिकारियों को कराया गया है अवगत

विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एल रघुवंशी ने बताया कि उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। वहीं दूसरी तरफ कोई भी जनप्रतिनिधि संगठनके पदाधिकारीके कारण छात्र-छात्राओं के हित मेंभी बोलने को तैयार नहीं है।

### सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जनपद उपाध्यक्ष ने किया रक्तदान




**पिपरिया।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75जनम दिन सेवा पखवाड़ेके अंतर्गत मनाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि एवं संगठन के पदाधिकारी केदारा लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सिविल अस्पताल में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर मंडल अध्यक्ष ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एवं तमाम कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों ने भी रक्तदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पिपरिया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने भी एक युनिट रक्त दान किया। जिला अधिकारी कर्मचारियों ने रक्तदान शिविर में सहयोगकि या बताया कि लगभग 25यूनिट रक्त दान शिविर में सहयोगकिया।इस दौरान उनके साथ नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी खापरखेड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजाभैया पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सदस्य कमला हीरालाल रघुवंशी सहित अन्य सभी शामिल हुए।

## सोहागपुर खेले गरबा का 4 व 5 अक्टूबर को होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के वाटिका गार्डन में चार एवं पांच अक्टूबर को मंगलम गरबा आयोजन किया जाएगा। 'सोहागपुर खेले गरबा' थीम आधारित आयोजन सोहागपुर ड्रीम टीम द्वारा किया जा रहा है। लगातार दूसरे वर्ष आयोजन कर रही ड्रीम टीम सोहागपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का अनाधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए बाउंसर तैनात किए जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया भी अनुशासित व नियमानुसार होगी। युगल तथा परिवार पास पर एक ही परिवार के व्यक्तियों को प्रवेश दिए जाएंगे।

फिल्टर्ड एंट्री सिस्टम लागू रखने के लिए ड्रीम टीम सोहागपुर के वरिष्ठ एंट्री गेट पर पूरे समय उपस्थित रहेंगे। महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग गरबा जोन तय किए गए हैं। जानकारी अनुसार 28 सितंबर से तीन अक्टूबर तक निशुल्क गरबा प्रशिक्षण कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं।

### तेज बारिश में भी भक्तों ने किया डांडिया नृत्य



**सेमरी हरचंद।** नगर के बालाजी पब्लिक स्कूल द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसे बरसात का मौसम और तेज बारिश भी भक्तों की आस्था पर कोई असर नहीं डाल सकी डांडिया और देवी भक्तिगीतों की धुन पर बारिश में भी भक्तों ने देर रात तक गरबा नृत्य से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया, देवी मां की आरती एवं प्रसादी वितरण उपरांत गरबा महोत्सव का समापन हआ।

## विकासखंड में ई कार्यालय के संचालन का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया मध्यप्रदेश सरकार ने प्रत्येक सरकारी कार्यालयों में ई सेवा प्रारंभिक शुरुआत करने के लिए सभी विभागों में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के द्वारा ई सेवा प्रारंभिक शुरुआत करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। पिपरिया जनपद पंचायत में पदस्थ तकनीकी अधिकारी गुणवत्ता नियंत्रक सहायक शैलेश भदौरिया एवं अन्य स्टाफ के द्वारा एक दिवशी प्रशिक्षण का आयोजन बी रूम मेंकिया गया। जिसमें लगभग 12 लोगों निखारा गया है। शैलेश भदोरिया ने बताया कि अब सभी कार्य इटरनेट के कंप्यूटर परजाएंगे । सारे आवेदन ऑनलाइन लिए जाएंगे तथा ऑनलाइन ही उच्च अधिकारियों को भेजे जाएंगे इस विषय में प्रशिक्षण दिया गया है यहां तक की न्यायलय में भी इस सेवा को प्रारंभ किया गयाहै। अधिवक्ता राजेशरजक ने बताया कि अब ई सेवा के माध्यम से सीधे शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। इस तरह प्रत्येककार्यालय में यह सुविधा प्रारंभ की गहै।

## नवरात्रि पर भगवान जगन्नाथ रथ की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र, भक्तजन कर रहे दर्शन


हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन, पचमढ़ी, इन दिनों माँ दुर्गा की भक्ति में पूरी तरह से डूबा हुआ है। अपनी नैसर्गिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए मशहूर यह स्थान, नवरात्रि के नौ दिनों में आस्था, उल्लास और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है।

चारों ओर हरियाली और पहाड़ियों के बीच स्थित पचमढ़ी में नवरात्रि महोत्सव का अलग ही आकर्षण है। यहाँ के प्रसिद्ध मंदिर, गुप्त महादेव और जटाशंकर, भक्तों की भारी भीड़ से गुलज़ार हैं। सुबह और शाम की आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। माता रानी के जयकारे और भजनों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। पचमढ़ी नगर मे शहीद भगतसिंह चौराहा पर जगन्नाथ रथ की झांकी सजाई गई है झांकी निर्माण मे देव सागर राजुल ऋषभ अनिकेत गौरव रोहन आशू मनीष तनिष्क बंटी प्रतीक उमाशंकर हिमाशुं भाउ प्रदीप नितेश सौरव तनु शिवम कृष्ण शिवा त्रिलोक सुभाष युवी जेठा का विशेष योगदान है।

### भगवान जगन्नाथ का रथ

भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदीघोष' कहलाता है। यह तीन रथों में सबसे बड़ा और सबसे ऊँचा होता है। इसकी



ऊंचाई लगभग 45.6 फीट (13.9 मीटर) पहियों की संख्याः 16 रंगः लाल और पीला (लाल रंग का कपड़ा और पीले रंग का पेंट) ध्वजः त्रैलोक्य मोहिनी (जिस पर हनुमान और नरसिंह की छवियाँ बनी होती हैं) सारथीः दारुक चार सफेद घोड़े इस रथ को खींचने के लिए भक्तों में सबसे ज्यादा उत्साह होता है। माना जाता है कि इसकी रस्सी को छूने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी 'मोदी के मन की बात'




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भाजपा सोहागपुर मंडल में रविवार को सभी 55 बूथों पर कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि आमजनों सहित क्षेत्र के प्रबुद्धजनों व भाजपाईयों ने निज निवास पर टेलीविजन द्वारा तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों व दुकानों पर मोबाइल द्वारा लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुन आत्मसात किया। भाजपाईयों के अनुसार पीएम का जन से संवाद का आयोजन अतुलनीय है।

जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर अभिव्यक्ति दी। संघ के सेवाभावी कार्यों का उल्लेख प्रधानमंत्री के उद्बोधन का केंद्र रहा।

### बड़ा प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...

**आंचलखेड़ा।** नवरात्री के चलते इन दिनों ग्रामीण अंचलों मे जगह



जगह देवी प्रतिमाओ की स्थापना की गई वहीं समितियों द्वारा देवी प्रतिमाओ की आकर्षित झांकियां एवं पंडालों की सजावट की गई है जोकि



नवरात्री के इस पावन पर्व पर आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। आंचलखेड़ा बस स्टेंड पर श्री सिद्ध बाबा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजित देवी प्रतिमा। विराजित हैं। वहीं आंचलखेड़ा सराठे मोहल्ला में नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजित देवी प्रतिमा ।

## भाजपा मंडल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंडल कार्यशाला संपन्न, जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

भाजपा डोलरिया मंडल द्वारा आज ग्राम भट्टी में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक दिवसीय मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प दिलाया गया। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं और ग्रामीणजनों ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का वचन लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान को अपनाने का निर्णय लिया। इस कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ जिला



उपाध्यक्ष राजेश गौर, जिला मंत्री सम्राट तिवारी, मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह राजपूत सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो रहा है और जब प्रत्येक नागरिक स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएगा, तब देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष राजेश गौर, जिला मंत्री सम्राट तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष अर्चना मेहतो, जिला पंचायत प्रतिनिधि ब्रजकिशोर पटेल, मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह राजपूत, महामंत्री सुनील चौधरी और लक्ष्मी ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह राजपूत और वीरेंद्र गौर, मंडल उपाध्यक्ष प्रशांत पटेल, सत्यनारायण परिहार, सतीश यादव, आशीष राय, मंडल मंत्री मुकेश चौरे, सरोज चौधरी, चंद्रकांत चौरे, राकेश गौर, श्रीमती श्वेता शर्मा, मनोज राजपूत, यश वर्मा, मयंक महाला, जयदीप चौधरी, अभिषेक बड़कुर, संदीप साहू, भगवान साहू, मुकेश राजपूत, प्रदीप सोलंकी और भगवानदास यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नई कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष राजेश गौर और जिला मंत्री सम्राट तिवारी का सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं और तालियों की गूंज के बीच उनका स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह राजपूत ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते किये।

### खान होंगे पिपरिया के नए एसडीएम

**पिपरिया।** मध्यप्रदेश राज प्रशासनिक सेवाके पिपरिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139 में अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव का तबादला होने के बाद मात्र 3 दिन केलिए जिला कलेक्टर के दारा देवेंद्र प्रताप सिंह को भेजा गया था।वह पिपरिया को ही नहीं देख पाए उसके पहले ही तबादला हो गया। अब उनके स्थान पर आकिप खान आईएएस अधिकारी को पिपरिया अनुविभागीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी वर्ष 2023 बेंच के आईएएस अधिकारी हैं वह प्रशिक्षण ले रहे है। पिपरिया विधानसभा क्षेत्र आईएएस अधिकारियों का प्रशिक्षणकेंद्र है। आकिप खान मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं। घुघरी से भेजा गया है। खनन माफिया को उस क्षेत्र में सबक शिखा चुके हैं। अब पिपरिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## खेड़ापति मंदिर से निकली विशाल भव्य चुनरी यात्रा जगह-जगह हुआ स्वागत, जनप्रतिनिधि हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को शिवपुर रोड स्थित श्री खेड़ापति मंदिर से विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। पूजा-अर्चना के पश्चात आरंभ हुई इस शोभायात्रा में महिला और पुरुष श्रद्धालु चुनरी अपने हाथों में लेकर चल रहे थे। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शीतला माता मंदिर देवल मोहल्ला, नर्मदा मंदिर चौराहा, कल्लू चौक, गांधी चौक और जेल रोड से होते हुए महुआढाना स्थित विजयासन धाम तक पहुंची।

यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने चुनरी यात्रा का स्वागत किया तथा फलाहारी वितरण किया गया। भक्तों में उत्साह का माहौल रहा और हजारों की संख्या में श्रद्धालु माँ




दुर्गा की भक्ति में लीन होकर 15 किलोमीटर दूर महुआढाना स्थित विसर्जन देवी धाम पहुंचे। वहां देवी मां की महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने पूजन-अर्चन कर यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने निर्माणाधीन मंदिर परिसर में धर्मशाला निर्माण हेतु अपनी सांसद निधि से 3 लाख देने की घोषणा की। मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं ने उनका आभार व्यक्त किया।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित चुनरी यात्रा धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, जिसमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में भक्तों की सहभागिता रही।

## सेमरी हरचंद के पंडालों में सजी झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र









### सोहागपुर में जारी है श्रीराम लीला महोत्सव का आयोजन

# श्री राम-केवट लीला का हुआ प्रभावी मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा शनिवार रात रामलीला मंच पर राजा दशरथ मरण, राम-भरत मिलाप प्रसंगों की लीला का मंचन किया। प्रभावी मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

समिति सदस्यों से प्राप्त जानकारी अनुसार अतिवृष्टि की स्थिति में भी कलाकारों का रामलीला मंचन के प्रति समर्पण कम न हुआ व तय लीला का मंचन किया गया। इस दौरान राम, लखन व देवी सीता के श्रंगवेरपुर पहुंचने, निषाद द्वारा भगवत सेवा, रामजी द्वारा मंत्री सुमंत को वापिस अयोध्या जाने का आग्रह का मंचन किया गया।



आगे गंगा पार जाने के लिये राम तथा केवट संवाद प्रसंग का अति प्रभावी मंचन कलाकारों ने किया। केवट ने भगवान से कहा कि प्रभु जब तक मैं आपके चरण नहीं पखारूंगा, मेरी नौका में नहीं बैठाऊंगा। क्योंकि आपके चरणों के स्पर्श से पत्थर नारी रूप में हो जाता है। कहीं मेरी नौका नारी रूप में हो गई तो मैं तो भूखा मर जाऊंगा। इसलिए चरण प्रच्छालन अति आवश्यक है। भगवान बोले भैया केवट जैसा जी चाहे शीघ्र करें किंतु हमें गंगा पार उतारें।

भगवान के गंगा जी के पार होने पर भगवान ने मां जानकी जी को इशारा दिया मां जानकी जी ने उनके भावों को पढ़कर तुरंत अपने हाथ से मुद्रिका निकाल कर उतराई हेतु भगवान को सौंप दी। तथा भगवान ने जब केवट को उतराई देना चाहा तो केवट भावातुर होकर बोला कि हे प्रभु आज आप मेरे घाट पर आए हैं तो मैंने पार उतारा जब मैं आपके घाट पर आऊं तो मुझे इस भव सागर से आप पार उतारें। इसके आगे के प्रसंगों का भी मंचन कलाकारों ने किया।

## लोधा लौवंशी समाज के जिला अध्यक्ष नियुक्त हुए विवेक साध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

लोधा लौवंशी समाज धर्मशाला सिवनी मालवा में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम के दौरान समाज के सक्रिय युवा एवं समाजसेवी विवेक साध जी को सर्वसम्मति से लोधा लौवंशी समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर समाजजनों में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि विवेक साध जी के नेतृत्व में समाज को नई मजबूती मिलेगी और शिक्षा, संस्कार तथा सामाजिक उत्थान की दिशा में नए आयाम स्थापित होंगे।



जिला अध्यक्ष बनने के बाद विवेक साध जी ने कहा कि वे समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे तथा सेवा कार्यों में निस्वार्थ भाव से योगदान देंगे। उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रात में हुई झमाझम बारिश, नदी नाले उफान पर

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 71.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 73.6 मि.मी., टिमरनी में 65.4 मि.मी., खिरकिया में 104.8 मि.मी., सिराली में 56.4 मि.मी. तथा रहटगांव में 57.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1181.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 1063.6 मि.मी., टिमरनी में 1313.5 मि.मी., खिरकिया में 1262.6 मि.मी., सिराली में 1207.4 तथा रहटगांव में 1062 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 28 सितम्बर तक 1038 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### कृषि सखियों को दिया गया प्रशिक्षण

**हरदा।** कृषि विज्ञान केंद्र हरदा द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अन्तर्गत 25 से 29 सितंबर तक पांच दिवसीय कृषि सखी प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण अंतर्गत चतुर्थ दिवस रविवार को कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. आर. सी. जाटव ने बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत के बारे में विस्तार से प्रयोग कर समझाया। प्रशिक्षण में पादप विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ. ओमप्रकाश भारती ने कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती मे रोग तथा कीट प्रबंधन हेतु नीम अस्त्र, अग्नि अस्त्र, दष्परिणी अर्क, ब्रह्मास्त्र आदि का प्रयोग के संबंध में जानकारी दी। केंद्र की वैज्ञानिक जागृति बोरकर ने प्रगतिशील किसान जय नारायण राय ग्राम नयापुरा के जैविक प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया। प्रशिक्षण में केंद्र के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया, पुष्पा झारिया एवं प्रमोद प्रसाद परवार की भी तकनीकी जानकारी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही।

### 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा का अपहरण

**खंडवा।** जिले में 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। शुरुआत में थाना पिपलोद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था, लेकिन परिजनों के विरोध के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया गया। ग्राम गुड़ी की रहने वाली छात्रा टंट्या भील सरकारी कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। परिजनों के अनुसार 23 सितंबर को वह कॉलेज गई थी, लेकिन घर नहीं लौटी। सहपाठियों से पूछताछ में सामने आया कि वह कॉलेज से लौट गई थी। सीसीटीवी फुटेज में छात्रा तीन लड़कों के साथ जाती दिखाई दी। परिजनों ने उन लड़कों की पहचान पुलिस को बताई है। नाबालिग के अब तक नहीं मिलने और पुलिस कार्रवाई न होने से मुस्लिम समाज के लोग शनिवार को एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भगवा जिहाद के आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। विरोध के बाद शनिवार देर रात पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया। बड़ी संख्या में लोग एसपी कार्यालय पहुंचे और मांग की कि 24 घंटे में छात्रा को सुरक्षित बरामद किया जाए और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

### डॉ.भविष्य राठौर राजभाषा पुरस्कार से हुए सम्मानित

**सीहोर।** हिंदी पखवाड़ा के समापन के अवसर पर सीहोर जिले के संभागीय मेडिकल ऑफिसर रेलवे मंडल भोपाल में पदस्थ डॉ.भविष्य राठौर को राजभाषा पुरस्कार से मंडल रेल प्रबंधक महोदय भोपाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके मित्र मंडली एवं परिवार के लोगों ने बधाइयां दी।

### योजनाओं का लाभ हमारी जागरूकता से संभव : प्राचार्य

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित माय (मेरा युवा) भारत सीहोर द्वारा हिताय सोशल चेंजमेकर्स वेलफेयर सोसायटी, सीहोर के सहयोग से शहर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न योजनों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अतिथियों का स्वागत तुलसी का पौधा भेंट कर किया गया।

### आज खिरकिया में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंगल क्लिक से करेंगे फीस प्रतिपूर्ति

# 20 हजार अशासकीय विद्यालयों को 489 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

## 8 लाख 45 हजार विद्यार्थियों की फीस की होगी प्रतिपूर्ति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शिक्षा का अधिकार अधिनियम अन्तर्गत अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क अध्ययनरत बच्चों की 489 करोड़ रुपये फीस प्रतिपूर्ति की राशि सिंगल क्लिक से सीधे स्कूलों के खातों में अंतरित करेंगे। फीस अंतरण का कार्यक्रम हरदा जिले के खिरकिया नगर में 29 सितम्बर को होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र की अपर मिशन संचालक हरसिमरन प्रीत कौर ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वर्ष 2023-24 के अशासकीय विद्यालयों के प्रेषित प्रस्ताव पर नियमानुसार पोर्टल से जनरेटेड इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट के माध्यम से फीस प्रतिपूर्ति की कार्यवाही की गयी है। प्रदेश के 20 हजार 652 अशासकीय विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निःशुल्क अध्ययनरत करीब 8 लाख 45 हजार विद्यार्थियों की फीस की प्रतिपूर्ति की जायेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के अंतर्गत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को उनके ग्राम, वार्ड अथवा पड़ोस में स्थित स्कूल की प्रथम प्रवेशित कक्षा की न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश दिये जाने का प्रावधान है। वर्तमान में शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत प्रदेश में लगभग 8.50 लाख बच्चे अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क अध्ययनरत होकर शिक्षा प्राप्त कर रहे है। पूर्व के वर्षों में प्रवेशित छात्रों की संख्या को देखा जाये तो सत्र 2011-12 से लागू इस प्रावधान के तहत अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क अध्ययन से लगभग 19 लाख बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं। इन बच्चों की निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षण व्यवस्था के तहत राज्य सरकार द्वारा अब तक लगभग 3 हजार करोड़ रूपये की फीस प्रतिपूर्ति की गयी है।



### स्थल का निरीक्षण किया

नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त केजी तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला एवं उप पुलिस महानिरीक्षक प्रशांत खरे ने रविवार को खिरकिया एवं बावड़िया में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### कमिश्नर ने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं देखी

कमिश्नर ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखी और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने इस दौरान हेलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था देखी। खिरकिया में कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं सभा व्यवस्था का भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। खिरकिया में कार्यक्रम में शामिल होने वाले आगंतुकों एवं विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था के संबंध में भी उन्होने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कमिश्नर एवं आईजी ने मुख्यमंत्री के भ्रमण के मार्ग एवं हेलीपेड का भी अवलोकन किया। मार्ग की आवश्यक मरम्मत कराने के अधिकारियों को निर्देश दिये।

### मंत्री उईके भी रहेंगे

केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके आज 29 सितम्बर को 11 बजे खिरकिया में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ आरटीई एक्ट के तहत फीस प्रतिपूर्ति वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मंत्री श्री उईके शाम 6 बजे हरदा से बैतूल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रतियोगिता

## 79 छात्र-छात्राओं ने उकेरे एक से बढ़कर एक चित्र



**हरदा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कमल कुंज हरदा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत जिला कार्यालय कमल कुंज हरदा में छात्र-छात्राओं की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक बिन्दु गुर्जर ने बताया कि आज लगभग 79 छात्र-छात्राओं ने चित्रकला प्रतियागिता में अपनी सहभागिता दर्ज की। जिसमें अलग अलग आयु वर्ग में यह प्रतियागिता आयोजित की गई। इस अवसर पर बच्चों ने आत्म निर्भर भारत, स्वदेशी जागरण एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की परिकल्पना को लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए बहुत ही मनमोहक चित्रकला बनाई। जिसमें बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानीत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमल पटेल ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि देष आत्म निर्भर भारत की ओर अग्रसर है और प्रधानमंत्री मोदी का 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प आत्म निर्भर भारत के रास्ते ही जाता है। इसलिए अपने दैनिक उपयोग की वस्तुओं में देष में बनी हुई सामग्री का उपयोग करने से भारत स्वावलम्बि बनेगा। जिलाध्यक्ष राजेष सिंह वर्मा ने लोकल फॉर वोकल की परिकल्पना को लेकर आग्रह किया कि आने वाले त्यौहारों में हम छोटे व्यवसायियों से स्वनिर्मित वस्तुओं का उपयोग करें जिससे कि देष की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक देवी सिंह सांखला, महामंत्री राजेष गोदारा, बसंत राजपूत, भारती कमेड़िया, राजू कमेड़िया, दीपक नेमा, मंडल अध्यक्ष नितेष बादर, अनिता अग्रवाल हरदा, योगमाया शर्मा, अंजू भायरे, विभूति गौर, शीनू बंसल, पूजा शर्मा, प्रीति गहलोत, अनिता अग्रवाल सिराली, लोकेष राव मराठा, विनोद गुर्जर, सौरभ तिवारी, धर्मेन्द्र पाल सहित सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति ने किया था आयोजन

## कवि सम्मेलन में ठहाकों से गूंजा पंडाल



**रहटगांव।** सार्वजनिक नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति फुलड़ी के तत्वावधान में आयोजित विराट कवि सम्मेलन ने रविवार की रात को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना से हुई, जिसे जबलपुर से पधारी डॉ. प्रतिभा पटेल ने प्रस्तुत किया। संचालन हास्य कवि डॉ. शिरीष अग्रवाल एटलस ने अपने चुटीले अंदाज़ में किया। कवि सम्मेलन में हास्य रस के कवि विकास वैरागी गुरु (नरसिंहपुर), विजय विचित्र (सतवास), पवन प्रबल (इटारसी), बालकवि दुहित गौर और एलजी लोमेश गौर ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को देर रात तक गुदगुदाया। डॉ. प्रतिभा पटेल ने श्रृंगार रस से सराबोर काव्य पाठ कर रसिक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि विकास वैरागी ने शानदार पेरोड़ी और विजय विचित्र ने अपने अलग अंदाज़ से श्रोताओं को खूब हँसाया, जबकि बालकवि दुहित गौर ने तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अभिजीत शाह भी अपने साथियों के साथ उपस्थित रहे। विशेष बात यह रही कि वे श्रोताओं के बीच नीचे बैठकर कविताओं का आनंद लेते रहे। उन्होंने आयोजन में भंडारा प्रसादी हेतु 5 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा भी की। देर रात तक चले कवि सम्मेलन में महिलाएं और बच्चे भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। हर पंक्ति पर तालियाँ और ठहाकों से पंडाल गूंजता रहा। आयोजन की सफलता का श्रेय समिति के सतीश पटेल, नितिन गौर, शिवानंद, आनंद गौर सहित सभी कार्यकर्ताओं को गया। जिन्होंने पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया

### श्री दुर्गा सांस्कृतिक कला केंद्र ने मां भारती के स्वरूप में विराजित किया मां दुर्गा को

## आपरेशन सिंदूर की थीम पर सजाया मां का दरबार

**खिरकिया।** श्री दुर्गा सांस्कृतिक कला केंद्र धार्मिक संस्था के साथ दुर्गा उत्सव मनाने वाली समितियों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। नगर की प्राचीन दुर्गा उत्सव संस्थाओं में शुमार इस समिति ने इस बार जो पंडाल बनाया है वो इस समय नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। आमजनता इसे काफी पंसद रही है समिति के सदस्य जयंत अग्रवाल ने बताया कि समिति द्वारा इस वर्ष विगत दिनों पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के मुंह तोड़ जबाब में भारत सरकार द्वारा जो आपरेशन सिंदूर चलाया था जिसकी कमान मातृ शक्तियों के हाथ में थी उसकी सफ़लता और मातृ शक्ति के इस अदम्य साहस और सेना के पराक्रम को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें समर्पित करते हुए इस बार माता रानी का पंडाल सजाया है। शक्ति की



उपासना के यह नौ दिनों में भारत की बेटियों और मातृ शक्ति के पराक्रम को इस बार माता रानी की झांकी के रूप में दर्शाया गया है । समिति द्वारा एक ट्रक का निर्माण किया गया है जो मिलेट्री कलर में हे वही इस के ऊपर हाथो में अखंड भारत का भगवा ध्वज और शस्त्र हाथों में लिए शेर पर सवार माँ दुर्गा , भारत माता के रूप में भगवा साफ़ा पहने विराजी है वही माता जी के ठीक पीछे आत्मनिर्भर भारत का परिचय देता हुई भारत के वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित ब्रह्मोस मिसाई बनाई हे जो माताजी की दोनों भुजाओ तरफ़ से उनके ऊपर उस ट्रक वाहन पर लगे हाइड्रोलिक स्टेण्ड पर कसी हे इस की ख़ास बात यह वाहन और मिसाईल स्टेड को हूँबहूँ इस तैयार किया गया हे की दूर से वास्तविकता ही नज़र आ रही हे वही ऊपर नीला आसमान और मिसाइल के पीछे लाल क़िला जिस पर तिरंगा लहराता हुआ और उसके ठीक ऊपर आठ मिसाईलो से लेस राफेल विमान जो भारत की वायुसेना की ताकत बया करता उड़ता दिखाई दे रहा हे वही माताजी जिस ट्रक पर विराजी हे उसके दोनों और कारगिल युद्ध में दुश्मन के छके छुड़ाने वाली बोफोर्स तोप बनाई हे यह पूरा पंडाल भारत माता कि ताकत को दर्शाता हुआ ऐसा बनाया गया हे जो आदिशक्ति की ताकत बया करता दिख रहा हे । श्री दुर्गा सांस्कृतिक कला केंद्र एक ऐसा नाम हे जो नगर की दुर्गा उत्सव मनाने वाली समितियों में संस्थापक समिति के रूप में जाना जाता हे नगर में दुर्गा उत्सव की शुरुआत इस समिति के संस्थापक सदस्य पूर्व विधायक स्व बद्रीनारायण अग्रवाल , स्व स्तनारायण कोशल ,स्व हाजी सफी बाबा, स्व संभर सिह चोहान व उनके साथियों द्वारा वर्ष 1958 में की गईं थीं।

### पिछले दो दिन के भीतर दो इंच बारिश दर्ज की गई

## बारिश से कटी फसलों के नुकसान को लेकर किसानों ने सर्वे पर उठाई आपत्ति, आदेश में संशोधन करने के लिए मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

खंडवा में पिछले दो दिन के भीतर दो इंच बारिश दर्ज की गई है। मानसून विदाई के समय हुई इस बरसात से खेतों में जलभराव की स्थिति बनी और कटी हुई फसलें तैरने लगीं। कटाई के बीच हुई तेज बारिश से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि जब सोयाबीन फलन की स्थिति में थी, तब पानी नहीं गिरा। इस कारण पीला मोजेक जैसी बीमारियों ने फसल को जकड़ लिया। कहीं पर फसल की ग्रोथ रुक गई तो कहीं तेज धूप से फसलें जल गईं। आधे से ज्यादा रकबा प्रभावित हो गया। इसके बाद जब बारिश शुरू हुई तो खेतों में जलभराव हो गया। समय पर धूप



न मिलने से फलियों में दाना नहीं बैठ पाया। इसके बावजूद किसान उम्मीद में थे, लेकिन अब कटाई के समय दोबारा हुई बारिश से नुकसान और बढ़ गया।

### कलेक्टर से मिलकर आदेश में संशोधन की मांग की

फसल नुकसानी को लेकर किसान संगठनों ने आंदोलन किया, जिसके बाद कलेक्टर ने राजस्व विभाग को सर्वे के आदेश दिए। हालांकि आदेश में पीला मोजेक से खराब हुई फसलों का जिक्र किया गया है। इस पर संयुक्त कृषक संगठन ने आपत्ति दर्ज कराई और कलेक्टर से मिलकर आदेश में संशोधन की मांग की। आदेश के अनुसार किसानों को राजस्व नियम आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा राशि दी जाएगी। इसके लिए क्रॉप कटिंग की जाएगी।

### खंडवा-बुरहानपुर में अफसरों के तबादले

## बुरहानपुर जिला पंचायत की सीईओ सृष्टि देशमुख को खंडवा में एडीएम बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादले की नई सूची जारी की है। इसमें बुरहानपुर और खंडवा जिले में प्र शा स नि क फेरबदल किया गया है। नई पदस्थापना के तहत बुरहानपुर जिला पंचायत की सीईओ सृष्टि देशमुख को खंडवा में एडीएम बनाया गया है। खास बात यह है कि उनके पति डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा पहले से ही खंडवा में जिला पंचायत सीईओ पद पर कार्यरत हैं। फिलहाल सृष्टि देशमुख की पदस्थापना वेटिंग में है और वे छुट्टी पर हैं। सृष्टि देशमुख ने 2018 वढरउ सिविल सेवा परीक्षा में पांचवीं रैंक हासिल की थी। वे अपने बैच की महिला टॉपर थीं और उन्हें मध्यप्रदेश कैडर मिला था। उनकी शादी 24 अप्रैल 2022 को डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा से हुई थी। इधर पुनासा के शिवम प्रजापति को शहडोल स्थानांतरित किया गया है। वे वहां जिला पंचायत सीईओ के साथ अपर कलेक्टर की जिम्मेदारी संभालेंगे। उनकी जगह 2023 बैच के कअर पंकज वर्मा को पुनासा रऊट बनाया गया है। पंकज वर्मा फिलहाल सिवनी जिले में सहायक कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। खंडवा जिले में प्रशासनिक ढांचे में भी बड़ा फेरबदल हो सकता है। वर्तमान अऊट और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी काशीराम बड़ौले को अतिरिक्त कार्य सौंपा जाएगा। वहीं महाप्रबंधक अरविंद चौहान को अपर कलेक्टर पद से कार्यमुक्त किया जाएगा।

## सद्भावना मंच ने भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर को जन्मदिवस पर दी श्रद्धांजलि

**खंडवा।** सद्भावना मंच ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर के जन्मदिवस पर गीत-संगीत से भरी स्वरांजली अर्पित की। मंच के माली कुआं स्थित कार्यालय में आयोजित स्मरण सभा में सदस्यों ने कराओके पर लता दीदी और अन्य प्रसिद्ध गायक-कलाकारों के गीत प्रस्तुत किए। संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि भारतीय गीत-संगीत के क्षेत्र में लता मंगेशकर का योगदान अमूल्य और अविस्मरणीय है। ऐसी शख्सियत विरले ही जन्म लेती है। उन्होंने बताया कि भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर का जन्मदिन श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जा रहा है। सुर साम्राज्ञी लता जी ने सात दशकों से अधिक लंबे करियर में हजारों गीत गाकर भारतीय संगीत को नई पहचान दी है। इस अवसर पर सद्भावना मंच के अध्यक्ष प्रमोद जैन, सुरेन्द्र गीते, त्रिलोक चौधरी, सुनील



सोमानी, गणेश भावसार, महेश मूलचंदानी, एन के दवे, अर्जुन बुंदेला, राधेश्याम शाक्य, कमल नागपाल, निर्मल मंगवानी, अशोक पारवानी, धीरज नेगी, अजय मंडलोई, जैकी रेवतानी और डॉ. एम एम कुरैशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा हुए चुनरी यात्रा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा नगर में निकाली गई भव्य चुनरी यात्रा में शामिल हुए एवं यात्रा का स्वागत-सत्कार भी किया। श्री अरोरा करौली माता मंदिर से ही चुनरी यात्रा में शामिल रहे। इधर श्री अरोरा ने पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के जन्मदिन के अवसर पर भोपाल स्थित उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाइयां दी एवं उनके दीर्घायु होने की ईश्वर से



कामना की। इस दौरान अरोरा मित्रमंडल के सदस्य एवं समर्थक भी मौजूद रहे। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि इस समय शारदीय नवरात्रि चल रही है। नवरात्रि के अवसर पर सीहोर के युवा नेता एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान करौली माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना में शामिल हुआ एवं चुनरी लेकर यात्रा में साथ भी चला। उन्होंने कहा कि प्रिंस राठौर द्वारा निकाली जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। हर तरफ मातारानी के जयकारों से शहर गूंज उठा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए ऐसे आयोजनों का होना जरूरी भी है।